# कार्यालय—निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा—माध्य/मा—स/22448/गायत्री परिवार/2014—2023/101 दिनांक : As in E-Sign

**समस्त संयुक्त निदेशक,**
**स्कूल शिक्षा।**

**विषय :—** राज्य स्तर पर सामान्य शिक्षा में **संस्कृत वाड्.मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता : 2024—25** के आयोजन के सम्बन्ध में।

**प्रसंग :—** विशिष्ट सहायक, कार्यालय मंत्री, शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) विभाग एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर का पत्र क्रमांक : मंत्री/शिक्षा/पंरा/क2024/7594 जयपुर, दिनांक : 25.09.2024

**सन्दर्भ :—** इस कार्यालय का पत्र दिनांक : 25.04.2012

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक एवं संलग्नित प्रदेशाध्यक्ष, निम्बार्क संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.) के पत्र क्रमांक : नि.वै.सं.स./158 दिनांक : 12.07.2024 के माध्यम से अवगत करवाया गया है कि भारतीय संस्कृति, प्राचीन संस्कृत साहित्य के संरक्षणार्थ एवं संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसारार्थ जन आन्दोलन के रूप में सन्त महापुरूषों के आशीर्वाद एवं सुनियोजित मार्गदर्शन में निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.) द्वारा सामान्य शिक्षा राजस्थान में राज्य स्तर पर 2 वर्गों में **संस्कृत वाड्.मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता** जुलाई, 2024—25 से (अक्टूबर माह/जयन्ती/उत्सव पर) में करवायी जानी प्रस्तावित है।

प्रासंगिक पत्रानुसार उक्त परीक्षा का आयोजन दो वर्गों यथा : कनिष्ठ एवं वरिष्ठ वर्ग में किया जाना है। प्रथम (कनिष्ठ) वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी तथा द्वितीय (वरिष्ठ) वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। उक्त प्रतियोगिता में जिला, मण्डल एवं राज्य स्तर पर वरीयता प्राप्त विद्यार्थियों एवं सक्रिय सहयोग प्रदान करने वाले शिक्षकों, अधिकारियों, कार्यकर्ताओं को आमन्त्रित कर सम्मानित किया जायेगा तथा सम्मानित होने वाले समस्त व्यक्तियों हेतु भोजन एवं आवास की निःशुल्क व्यवस्था की जायेगी।

इसी क्रम में लेख है कि इस कार्यालय के सन्दर्भित पत्र के माध्यम से **संस्कृत वाड्.मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता** के आयोजन बाबत समस्त विभागीय अधीनस्थों हेतु निर्देश जारी किये गये हैं।

अतः सन्दर्भित पत्र की निरन्तरता एवं प्रासंगिक पत्र के क्रम में निर्देशित किया जाता है कि **संस्कृत वाड्.मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता : 2024—25** बाबत आप अपने क्षेत्राधिकार की विद्यालयों एवं कार्यालयों में प्रतियोगिता सम्बन्धी जानकारी का व्यापक प्रचार—प्रसार कर अधिकाधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विभागीय अधिकारियों की भागीदारी सुनिश्चित करवाने के साथ ही प्रतियोगिता के सफल एवं सुचारू आयोजन के सम्बन्ध में अधीनस्थ विद्यालयों एवं कार्यालयों हेतु दिशा—निर्देश जारी कर शासकीय निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें।

इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

**संलग्न : यथोक्त।**

(आशीष मोदी)
**आई.ए.एस.**
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

**प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. विशिष्ट सहायक, कार्यालय मंत्री, शिक्षा (विद्यालयी / संस्कृत) विभाग एवं पंचायती राज विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर को उनके प्रासंगिक पत्र के क्रम में।
2. निजी सचिव, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, जयपुर (जरिये ई–मेल)।
3. शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–5) विभाग, जयपुर (जरिये ई–मेल)।
4. निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर (जरिये ई–मेल)
5. सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुभाग, कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाइट पर अपलोड़ किये जाने बाबत (जरिये ई–मेल)।
6. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा (जरिये ई–मेल)।
7. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा को जिला क्षेत्राधिकार में निर्देशों की पालना हेतु समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन हेतु (जरिये ई–मेल)।
8. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
9. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा को पालनार्थ (जरिये ई–मेल)।
10. समस्त पीईईओ / यूसीईईओ।
11. समस्त संस्था–प्रधान।
12. रक्षित पत्रावली।

निदेशक
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Document certified by ASHISH MODI <ashishmodi.kgp@gmail.com>.

Digitally Signed by Ashish Modi
Designation : Director
Date :07-10-2024 10:41:29

20240926-HM-0001 R.D.- 26.09.24 1:00PM 74

# राजस्थान सरकार
## कार्यालय मंत्री, शिक्षा (विद्यालयी/संस्कृत) विभाग एवं पंचायती राज विभाग

क्रमांकः मंत्री/शिक्षा/पंरा/2024/7594 जयपुर, दिनांकः 25/09/2024

निदेशक,
माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर।

गुणवत्ता-मा-स
25.9.24

विषयः-राज्य स्तर पर सामान्य शिक्षा में संस्कृत वाड्मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताः 2024-2025 से प्रतिवर्ष आयोजन के संदर्भ में।

महोदय,

श्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा, निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा ने अपने पत्र दिनांक 12.07.2024 में उल्लेख किया है कि भारतीय संस्कृति, प्राचीन संस्कृत साहित्य के संरक्षणार्थ एवं संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसारार्थ जन आन्दोलन के रूप में सन्त महापुरूषों के आशीर्वाद एवं सुनियोजित मार्गदर्शन में निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.) द्वारा सामान्य शिक्षा राजस्थान में राज्य स्तर पर 2 वर्गो में संस्कृत वाड्मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जुलाई 2024-2025 से प्रतिवर्ष (अक्टूबर माह/जयन्ति/उत्सव पर) कराया जाना प्रस्तावित है। प्रथम कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी, द्वितीय वरिष्ठ में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगें।

उक्त प्राप्त पत्र मूल ही संलग्न कर निर्देशानुसार अनुरोध है कि कृपया उक्त प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों के भाग लेने हेतु नियमानुसार आदेश/परिपत्र जारी करवाने का श्रम करावें।

संलग्नः-उपर्युक्तानुसार

भवदीय,

(जय नारायण मीना)
RAS
विशिष्ट सहायक

रजि. नं. – 118 / 2009–10 ।। श्री सर्वेश्वरो विजयते ।। मो० – 94133.58677, 9414686777

# निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.)

(राज्य सरकार द्वारा पंजीकृत एवं आयकर अधिनियम की धारा 80 जी के अन्तर्गत अनुमोदित संस्था)

*प्रधान कार्यालय – "संस्कृत भवनम्" सी –221, आजाद नगर, भीलवाड़ा (राज0)*

**E.Mail. : nvssamiti.bhilwararaj@gmail.com**

क्रमांक: नि.वै.सं.स. / 158 दिनांक : 12.07.2024

श्रीमान् शिक्षा मंत्री महोदय
शिक्षा विभाग राजस्थान
जयपुर (राज.)

विषय – राज्य स्तर पर सामान्य शिक्षा विभाग में संस्कृत वाङ्मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता : 2024–2025 से प्रतिवर्ष आयोजन के सन्दर्भ में ।

महोदय,

विषयान्तर्गत निवेदन है कि भारतीय संस्कृति, प्राचीन संस्कृत साहित्य के संरक्षणार्थ एवं संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसारार्थ जन आन्दोलन के रूप में सन्त महापुरुषों के आशीर्वाद एवं सुनियोजित मार्गदर्शन में *निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.)* द्वारा सामान्य शिक्षा राजस्थान में राज्य स्तर पर 2 वर्गों में संस्कृत वाङ्मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जुलाई 2024–2025 से प्रतिवर्ष ( अक्टुबर माह / जयन्ती / उत्सव पर ) कराया जाना प्रस्तावित है। प्रथम कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी, द्वितीय वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगें।

इस प्रतियोगिता में जिला, मण्डल एवं राज्य स्तर पर वरीयता प्राप्त छात्रों एवं सक्रिय सहयोग प्रदान करने वाले शिक्षकों, अधिकारियों कार्यकर्ताओं को आमन्त्रित कर सम्मानित किया जावेगा। सन्त महापुरुषों के आशीर्वाद से संचालित इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले छात्र–छात्राओं एवं आगत महानुभाओं के आवास, भोजन व्यवस्था समिति द्वारा निःशुल्क की जावेगी।

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि संस्कृत भाषा के प्रचार प्रासारार्थ *निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.)* द्वारा चलाये जा रहे अभियान में सहयोग प्रदान करने हेतु निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर के माध्यम से सामान्य शिक्षा विभाग के अधीन संचालित समस्त विद्यालयों हेतु निर्देश परिपत्र जारी करने की कृपा करावें कि इस प्रतियोगिता / अभियान में सभी छात्र–छात्राएं प्रतिवर्ष अनिवार्यतः भाग लेवें एवं संस्था द्वारा आयोजित मण्डल एवं राज्य स्तरीय संस्कृत वाङ्मय पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में आमन्त्रित पुरस्कृत छात्र / छात्रा / शिक्षक / अधिकारी / कर्मचारी भाग लेवें।

यह संस्था भारत सरकार के आयकर विभाग 1961 की धारा 12 एए व 80 जी के अन्तर्गत अनुमोदित है।

आशा है कि देववाणी संस्कृत भाषा के प्रचार – प्रसार के इस पावन पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान करेंगें।

प्रदेशाध्यक्ष
(रामेश्वर प्रसाद शर्मा)
मो0 : 9413358677

E:\N.V.S.Samiti\letters Samiti Page No- 192

कार्यालय निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक-शिविरा/माध्य/मा/स/22448/99 दिनांक- 25/4/12

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
(माध्यमिक)

विषय:- राज्य स्तर पर संस्कृत वाङ्मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2012 से प्रतिवर्ष आयोजन के संबंध में ।

प्रसंग:- राज्य सरकार का पत्रांक-प.17(1) शिक्षा-1/2009 जयपुर, दिनांक 2.4.12

---

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र की प्रति संलग्न कर लेख है कि निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति, भीलवाड़ा (राजस्थान) द्वारा शिक्षा विभाग में राज्य स्तर पर दो वर्गों में संस्कृत वाङ्मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जुलाई 2012 से प्रतिवर्ष आयोजन के संबंध में पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें संस्कृत वाङ्मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2012 से प्रतिवर्ष (2 अक्टूबर गाँधी जयन्ती या उत्सव पर) कराया जाना प्रस्तावित है । प्रथम कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी एवं द्वितीय वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे । आप अपने अधीनस्थ समस्त विद्यालयों के संस्था प्रधानों को निर्देश/परिपत्र जारी करावें कि इस प्रतियोगिता/अभियान में सभी छात्र-छात्राएं प्रतिवर्ष आवश्यक रूप से भाग लेवें ।

संलग्न:-उपरोक्तानुसार

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

प्रतिलिपि:- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. उप शासन सचिव, शिक्षा (ग्रुप-1) विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
2. समस्त उप निदेशक (माध्यमिक), शिक्षा विभाग
3. प्रदेशाध्यक्ष, श्री रामेश्वर प्रसाद शर्मा, निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति, भीलवाड़ा (राजस्थान)

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर

रजि. नं – 118/2009–10 ।। श्री सर्वेश्वरो विजयते ।। मो० - 94133 55677, 9414686777

# निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.)

प्रधान कार्यालय – "संस्कृत भवनम्" सी –221, कुम्भा सर्कल के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा (राज0)

क्रमांक: नि.वै.सं.स. / 36 दिनांक: 27·1·2012

माननीय श्री बृजकिशोर जी शर्मा महोदय,
शिक्षा मन्त्री राजस्थान सरकार
जयपुर (राज.)

विषय – राज्य स्तर पर संस्कृत वाङ्मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता – 2012 से प्रतिवर्ष आयोजन के सन्दर्भ में ।

महोदय,

विषयान्तर्गत निवेदन है कि भारतीय संस्कृति, प्राचीन संस्कृत साहित्य के संरक्षणार्थ एवं संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसारार्थ जन आन्दोलन के रूप में सन्त महापुरुषों के आशीर्वाद एवं सुनियोजित मार्गदर्शन में *निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.)* द्वारा शिक्षा विभाग में राज्य स्तर पर दो वर्गों में संस्कृत वाङ्मय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जुलाई 2012 से प्रतिवर्ष ( 2 अक्टुम्बर, गांधी जयन्ती या उत्सव पर ) कराया जाना प्रस्तावित है। प्रथम कनिष्ठ वर्ग में कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थी एवं द्वितीय वरिष्ठ वर्ग में कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगें। इस प्रतियोगिता में जिला, मण्डल एवं राज्य स्तर पर वरीयता प्राप्त छात्रों एवं सक्रिय सहयोग प्रदान करने वाले शिक्षकों, अधिकारियों, कार्यकर्ताओं को आमन्त्रित कर सम्मानित किया जावेगा। सन्त महापुरुषों के आशीर्वाद से संचालित इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले छात्र–छात्राओं एवं आगत महानुभाओं के आवास, भोजन व्यवस्था समिति द्वारा निःशुल्क की जावेगी।

अतः श्रीमान् से निवेदन है कि संस्कृत भाषा के प्रचार प्रासारार्थ *निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.)* द्वारा चलाये जा रहे अभियान में सहयोग प्रदान करने हेतु निदेशक, माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के माध्यम से शिक्षा विभाग के अधीन संचालित समस्त विद्यालयों हेतु निर्देश परिपत्र जारी करने की कृपा करावें कि इस प्रतियोगिता / अभियान में सभी छात्र–छात्राएं प्रतिवर्ष अनिवार्यतः भाग लेवें।

आशा है कि देववाणी संस्कृत भाषा के प्रचार – प्रसार के इस पावन पुनीत कार्य में सहयोग प्रदान करेंगे।

नोट :- संस्था भारत सरकार के आयकर विभाग की धारा 1961 के अन्तर्गत (12) A एवं 80G में अनुमोदित है।

प्रदेशाध्यक्ष
(रामेश्वर प्रसाद शर्मा)
निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति
भीलवाड़ा (राज.)

संलग्न – 1 कार्यक्रम की प्रस्तावित योजना।

मो० - 94133.58677, 9414686777

॥ श्री सर्वेश्वरो विजयते ॥

निम्बार्क वैदिक संस्कृत समिति भीलवाड़ा (राज.)

प्रधान कार्यालय – "संस्कृत भवनम्" सी –221, कुम्भा सर्कल के पास, आजाद नगर, भीलवाड़ा (राज0)

# संस्कृत वाङ्मय प्रतियोगिता कार्यक्रम का उद्देश्य एवं प्रस्तावित योजना

संस्कृत भाषा संसार की समस्त भाषाओं में सर्वश्रेष्ठ है। इसका वैदिक वाङ्मय अपनी प्राचीनता एवं समरसता और पूर्णता के लिए जगत प्रसिद्ध है। यह भाषा प्राचीन भारत की लोकभाषा, राष्ट्रभाषा, एवं राजभाषा रही है। प्राचीन भारतीय ज्ञान विज्ञान इसी भाषा में विद्यमान है। यदि हम प्राचीन भारतीय संस्कृति, विज्ञान, कला, साहित्य, काव्यशास्त्र, गणित, ज्योतिष, आयुर्वेद आदि का यथार्थ ज्ञान प्राप्त करना चाहें तो संस्कृत भाषा के स्वरूप को सम्यक् समझना नितान्त आवश्यक होगा। संस्कृत भाषा एवं भारतीय संस्कृति एक दूसरे की पूरक है। भारतीय संस्कृति की पहचान संस्कृत भाषा के द्वारा ही संभव है।

*आधुनिक परिप्रेक्ष्य में पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण को रोककर हमारे देश के बालकों मे संस्कृत वाङ्मय के ज्ञान के माध्यम से उनमें मानव मूल्यों एवं सांस्कृतिक चेतना का विकास करते हुए युवा शक्ति को राष्ट्रोत्थान में सुनियोजित कर देश के सर्वाङ्गीण विकास में योगदान करना ही इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य हैं।*

***संस्कृत-भाषा के प्रति छात्राओं के रुझान को देखते हुए वर्ष 2012 से प्रतिवर्ष सम्पूर्ण राज्य में संस्कृत वाङ्मय प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाना प्रस्तावित है।***

**प्रतियोगिता योजना –**

1. शिक्षा विभाग राजस्थान के उच्च प्राथमिक / माध्यमिक / उच्च माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगें।
2. छात्रों के दो वर्ग होंगे – कनिष्ठ वर्ग कक्षा 6 से 8 तक, वरिष्ठ वर्ग कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थी भाग ले सकेंगें।
3. प्रश्न पत्र का पूर्णांक 100 अकों का रहेगा। अवधि एक घण्टे की रहेगी
4. प्रतियोगिता पाठ्यक्रम विषयवस्तु छात्रों के लिए निर्धारित विद्यालयी पाठ्यक्रम से सम्बन्धित होगी।
5. जिला, मण्डल एवं राज्य स्तर पर योग्यता सूची का निर्धारण।
6. जिला मण्डल एवं राज्यस्तर पर संस्कृत छात्र – शिक्षक सम्मेलन में योग्यता सूची में आने वाले छात्रों को सम्मानितकिया जायेगा।
7. संस्कृत भाषा के प्रचार–प्रसार में उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्कृत कार्यकर्त्ताओं को सम्मानित किया जायेगा।
8. यह योजना प्रतिवर्ष 1 जुलाई से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।

**नोट – सन्त महापुरुषों के आशीर्वाद एवं सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले छात्र–छात्राओं एवं आगत महानुभावों के आवास व भोजन व्यवस्था भी समिति द्वारा निःशुल्क की जाएगी।**